दिनांक 11/07/2024 को डोईवाला क्षेत्र में हुई चोरी की घटना का दून पुलिस ने 24 घंटे के अन्दर किया खुलासा। चोरी की मिक्चर मशीन के साथ 02 शातिर चोरों को कोतवाली डोईवाला पुलिस ने किया गिरफ्तार।

दिनांक: 10-07-24 को वादी श्री नरेन्द्र कुमार मोगा पुत्र स्व0 खजान सिंह निवासी 9/2 चिडोवाली कंडोली देहरादून द्वारा थाना डोईवाला पर प्रा0पत्र दिया गया कि किसी व्यक्ति द्वारा उनकी मिक्चर मशीन, जो मियांवाला चौक के पास नाली के कार्य करने के लिये खडी करायी गयी थी, को चोरी कर लिया है। प्रा0पत्र के आधार पर थाना डोईवाला पर मु0अ0सं0: 215/24 धारा- 303(2) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया।

घटना के अनावरण हेतु थाना स्तर पर पुलिस टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा सुरागरसी पतारसी करते हुए स्थानीय मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया, जिसके परिणाम स्वरूप मुखबिर की सूचना पर चोरी की घटना को अंजाम देने वाले दो अभियुक्तों 01: फहीम अहमद पुत्र श्री अनीस अहमद तथा 02: अफजाल उर्फ अरमान पुत्र श्री बिन्दु हसन को चोरी की गई मिक्चर मशीन के साथ हर्रावाला क्षेत्र में नकरौंदा रोड से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि वो दोनो छोटे मोटे ठेके लिया करते थे तथा कुछ समय से कोई काम नहीं मिलने पर दोनो की आर्थिक स्थिती ठीक नहीं चल रही थी, जिस कारण दोनो अभियुक्तों ने मिक्चर मशीन को चोरी कर उसके बेचकर पैसा कमाने की योजना बनाई। दोनो अभियुक्त घटना को अंजाम देने के बाद उक्त मिक्चर मशीन को बेचने की फिराक में थे, इससे पूर्व ही पुलिस द्वारा दोनो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार अभियुक्त विवरण :-

1- फहीम अहमद पुत्र श्री अनीस अहमद निवासी ग्राम राउ खेडी पोरा राजारामपुर पो0 जलालाबाद तहसील व थाना नजीबाबाद उ0प्र0 उम्र-34 वर्ष,

2- अफजाल उर्फ अरमान पुत्र श्री बिन्दु हसन निवासी ग्राम तारपुर तहसील व थाना सदर सहारनपुर जिला सहारनपुर उ0प्र0 उम्र-29 वर्ष

बरामदगी:-

01 मिक्चर मशीन

पुलिस टीम

01- उ0नि0 रमन बिष्ट

02- का0 1658 दिनेश रावत

03- का0 50 विकास रावत

कोतवाली डोईवाला
0135-2716230, 9411112818, डायल-112 जनपद-देहरादून (उत्तराखण्ड)
CCTNS OFFICE
कोतवाली डोईवाला
POLICE